## बेगूसराय में दलित शोषण मुक्ति मंच का अखिल भारतीय सम्मेलन

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** गुरुवार को दलित शोषण मुक्ति मंच के जिलाध्यक्ष दिनेश रविदास ने बताया कि दलित शोषण मुक्ति मंच का तीसरा अखिल भारतीय सम्मेलन 3 से 5 दिसंबर तक बेगूसराय के दिनकर भवन मे होने जा रहा है। इस सम्मेलन मे कोडरमा जिला से चार प्रतिनिधि दिनेश रविदास, प्रेमप्रकाश पासवान, शंभु पासवान एंव रामप्रकाश पासवान भाग लेगें। इस सम्मेलन मे देश के विभिन्न राज्यों से पांच सौ चुने हुए प्रतिनिधि भाग लेगें। इस सम्मेलन का उद्घाटन प्रख्यात दलित साहित्यकार आरडी आनंद, दलित शोषण मुक्ति मंच के राष्ट्रीय महासचिव रामचंद्र डोम, राष्ट्रीय अध्यक्ष सह समाज कल्याण मंत्री केरल आर राधाकृष्णन व राष्ट्रीय उपाध्यक्ष सह पूर्व सांसद सुभाषणी अली करेंगे। इस सम्मेलन मे भाजपा सरकार के द्वारा संविधान के साथ छेड-छाड किए जाने, देश मे दलितों पर हो रहे अत्याचार, आरक्षण एंव देश की संपति का हो रहे नीजिकरण जैसे अनेकों महत्वपूर्ण मूद्दों पर व्यापक चर्चा होगी।

## हाइवा की चपेट में आने से एक की मौत

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** नवलशाही थाना अंतर्गत नवलशाही देवीपुर मार्ग में गुरुवार की अहले सुबह चमारो क्रेशर मंडी के समीप हाईवा (जेएच 12 के 2986) के चपेट में आने से एक व्यक्ति की मौत हो गई। मृतक की पहचान कैलाश साव उम्र लगभग 60 वर्ष पिता स्व० द्वारिका साव, ग्राम बच्छेडीह, थाना नवलशाही, जिला कोडरमा निवासी के रूप में हुई है। मिली जानकारी के अनुसार हाइवा वाहन डस्ट खाली कर हाईवा पीछे करने के दौरान आ रहे साइकिल सवार मजदूर को अपने चपेट में ले लिया, जो गंभीर रूप से घायल हो गया। वहीं स्थानीय लोगों द्वारा निजी क्लिनिक पुरनाडीह भेजा गया, जिसके बाद गंभीर रूप से घायल व्यक्ति की स्थित खराब देखते हुए बेहतर ईलाज के लिए सदर अस्पताल कोडरमा रेफर कर दिया गया। परन्तु रास्ते मे ही वृद्ध की मौत हो गई। वहीं घटना की सूचना पाकर नवलशाही थाना के एएसआई कृष्णा राम दल-बल के साथ घटनास्थल पर पहुंचकर उक्त वाहन को अपने कब्जे में ले लिया।

## संविधान दिवस सप्ताह पर क्विज प्रतियोगिता



**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** संविधान दिवस सप्ताह के अवसर पर प्रखंड मुख्यालय मरकचो स्थित सर्वोदय + 2 उच्च विद्यालय में गुरुवार को प्राचार्य धर्मचंद मंडल की अध्यक्षता में क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। क्विज प्रतियोगिता में विद्यालय में अध्ययनरत चार हाउस के छात्र छात्राओं ने भाग लिया। क्विज प्रतियोगिता में सकरी हाउस के छात्र छात्राओं ने प्रथम स्थान प्राप्त किया जिसे विद्यालय परिवार की ओर से पुरस्कृत किया गया। मौके पर सन्तोष प्रसाद, सौरभ कुमार पांडे, अतहर हसन, श्रीकांत कुमार, सन्तोष कुमार रवि, हरिहर सिंह, राजु प्रजापति, दिनकर कुमार सिंह, योगेंद्र प्रसाद, अशोक कुमार, सुनील कुमार यादव, अशोक कुमार पासवान समेत विद्यालय के छात्र छात्रायें उपस्थित थे।

## सेक्रेड हार्ट स्कूल में तीन दिवसीय आइटी फेस्ट कार्यक्रम शुरू

**झुमरीतिलैया (आजाद सिपाही)।** सेक्रेड हार्ट स्कूल में आयोजित तीन दिवसीय आईटी फेस्ट कार्यक्रम की शुरूआत गुरुवार से हो गई। पहले दिन बच्चों ने वेबसाइट डिजाइनिंग, कवर पेज डिजाइनिंग, लोगो डिजाइनिंग, गेम डिजाइनिंग, एप डेवलपमेंट, पेंटिंग कंपटीशन में हिस्सा लिया। इस मौके पर फिलो एजूटेक प्राइवेट लिमिटेड से मिस्टर इंद्रजीत कुमार और मिस्टर ज्योति कुमार सिन्हा विशेष रूप से मौजूद थे। उन्होंने बच्चों द्वारा तैयार की गई डिजाइनिंग को काफी पसंद किया। उन्होंने कहा कि ऐसे आयोजनों से आईटी के क्षेत्र में बच्चों की समझ बढ़ती है और रुचि भी उत्पन्न होती है। विद्यालय के निदेशक प्रमोद कुमार ने बुके देकर दोनों का स्वागत किया। स्कूल के एकेडमिक डायरेक्टर प्रमोद कुमार शर्मा ने कहा कि छात्रों के संपूर्ण विकास के लिए विद्यालय द्वारा इस प्रकार के कार्यक्रम लगातार आयोजित किए जाते हैं। सारा कार्यक्रम आईटी टीचर फैयाज कैशर, चंदन पांडेय, किशोर कुणाल और अलका सिंह की देखरेख में हुए। पहले दिन के इस प्रतियोगिता में पानी हाउस की छात्रा निधि राज को प्रथम, ऋषि कुमार को द्वितीय और मोंटी कुमार तथा काव्या कुमारी को संयुक्त रूप से तृतीय स्थान मिला। तीसरे दिन प्रतियोगिता का समापन होगा और रिजल्ट की घोषणा की जाएगी। इस मौके पर एकेडमिक कोऑर्डिनेटर प्रवीण कुमार के अलावा छात्रों में अभिनव, वासु, आरव, पूजा, अस्तित्व, काव्या कृति, साक्षी रजक, आर्यन कुमार, आयुष, रुद्र, प्रत्यूषा, एंजेल, करिश्मा, श्रवण, कौशांबी, इलमा, हर्षिका, संगम, रोहित, तन्मय समेत अन्य बच्चे मौजूद थे।

## सरकारी स्कूल के बच्चों का हुआ साप्ताहिक टेस्ट

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** जिले के सभी सरकारी स्कूलों में संस्थागत गुणवत्तापूर्ण शिक्षा का माहौल विकसित करने हेतु समय-समय पर बच्चों का टेस्ट लेकर वार्षिक परीक्षाओं का अभ्यास कराया जा रहा है। इसी कड़ी में गुरुवार को प्रोजेक्ट रेल के तहत जिले के करीब सभी सरकारी विद्यालयों में कक्षा 6वीं, 7वीं व 8वीं के छात्र- छात्राओं का साप्ताहिक टेस्ट लिया गया। बच्चों का गणित विषय का टेस्ट लिया गया। प्रोजेक्ट रेल के तहत हो रहे इस साप्ताहिक टेस्ट में बच्चों ने बढ़-चढकर भाग लिया। ज्ञात हो कि प्रश्नपत्र का पैटर्न स्कूल की वार्षिक परीक्षा को ध्यान में रखकर शिक्षकों की गठित टीम द्वारा तैयार किया गया था। साथ ही टेस्ट के पश्चात शिक्षकों द्वारा बच्चों को प्रश्न पत्र का पैटर्न व सही उत्तर बताया गया।

## एसपी और डीसी को आवेदन देकर न्याय की लगायी गुहार

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** थाना क्षेत्र के ग्राम बेला के दासों महतो, दिनेश्वर यादव, बलदेव महतो, नागेश्वर महतो, किशोर महतो आदि ने 30 नवम्बर को कोडरमा उपायुक्त एवं कोडरमा पुलिस अधीक्षक को आवेदन देकर न्याय की गुहार लगाया है। दिए गए आवेदन में कहा गया है कि मौजा लबनियाँ उर्फ बेला में खाता संख्या 26/15 प्लॉट संख्या 96/1 एवं 96/2 कुल रकवा 90 डिसमिल एवं खाता नम्बर 26/22 प्लॉट 96/2 रकवा 1.12 डिसमिल जो मेरे पिताजी के परदादी के नाम से जमाबंदी चल रहा है। उक्त खाता प्लॉट की जमीन पर मेरे विपक्षी कई दिनों से हडपने का नियत से दखल करने के लिए कई घटनाओं को अंजाम दे रहे हैं जिसकी प्राथमिकी हम लोग मरकच्चो थाना में अंकित कराएं हैं। धारा 144 के तहत निषेधाज्ञा लागू है, परंतु विपक्षी उक्त धारा को उलंघन करते हुए हरवे हथियार से लैस होकर अशोक सिंह यादव, सकलदेव यादव, गौरी शंकर यादव, रामचंद्र यादव, संजय यादव, विकास यादव, महेश यादव, आदि जमीन पर पहुंचकर काम करने लगे हैं।

## पतंजलि परिवार ने किया योग शिविर



**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** पतंजलि परिवार योग समिति हरिद्वार के तत्वाधान में निशुल्क एक दिवसीय योग शिविर उत्क्रमित मध्य विद्यालय रोहिणीया टांड में लगाया गया। स्कूल के प्रधानाध्यापक बिगन राम की अगुवाई में यह कार्यक्रम हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत योगाचार्य योगी सुषमा सुमन ने राष्ट्रीय गीत गाकर की। उन्होंने तीन प्राणायाम भास्त्रिका, कपालभाति और अनुलोम-विलोम को जरूरी बताया। मौके पर योगी प्रदीप कुमार सुमन, शिक्षक महादेव दास, राजेश कुमार यादव, स्कूल के प्रबंधन कमेटी अध्यक्ष सुनीता देवी, मुनिया देवी, सविता देवी मौजूद थीं।

## डगरनवा, मरकच्चो उत्तरी, नावाडीह और तेलोडीह ने अपने-अपने मैच जीते

**मरकच्चो (आजाद सिपाही)।** मुख्यमंत्री आमंत्रण कप फुटबॉल टूनार्मेंट के दूसरे दिन गुरुवार को प्रखंड मुख्यालय मरकच्चो स्थित सर्वोदय + 2 उच्च विद्यालय के स्टेडियम में पहला मैच डगरनवां पंचायत बनाम पुरनानगर पंचायत के बीच खेला गया जिसमें डगरनवां पंचायत 1-0 से विजई रही। दूसरा मैच महूँगाय बनाम मरकच्चो उत्तरी के बीच खेला गया जिसमें मरकच्चो उत्तरी पंचायत की टीम 2- 1 से विजयी रही। तीसरा मैच नावाडीह पंचायत बनाम देवीपुर पंचायत के बीच खेला गया। जिसमें नावाडीह पंचायत की टीम पेनाल्टी सूट में 3-1 से विजयी रही। वहीं चौथा मैच तेलोडीह पंचायत बनाम चोपनाडीह पंचायत के बीच खेल गया। जिसमें तेलोडीह पंचायत की टीम 1-0 से विजयी रही। मैच में रेफरी की भूमिका संजय कुमार यादव, सन्तोष सोरेन, दीपक सोरेन ने निभाया। कार्यक्रम में बीसीओ लछ्मीनाथ लोहार, मुखिया बेदु साव, बसन्त साव, रणजीत कुमार सिंह, सुरेंद्र रॉय, दीपक कुमार, सुभाष यादव, टिपन पासी, मिन्हाज अंसारी आदि उपस्थित थे।

### डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक

# डीएमएफटी से चयनित योजनाओं की डुप्लीकेसी ना हो यह सुनिश्चित करें : डीसी



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** डीएमएफटी प्रबंधकीय समिति की बैठक उपायुक्त नैन्सी सहाय की अध्यक्षता में हुई। बैठक में शिक्षा, कल्याण, समाज कल्याण, स्वास्थ्य, पेयजल, सिंचाई, कौशल विकास प्रशिक्षण, स्वरोजगार, आधारभूत संरचना आदि अन्यान्य विषय पर चर्चा कर ज़िला के खनन प्रभावित इलाकों में नागरिकों के सुविधाओं बढ़ाने के संदर्भ में कई प्रस्तावों को मंजूरी दी गई। उपायुक्त ने कहा डीएमएफटी से चयनित योजनाओं की डुप्लीकेसी ना हो यह सुनिश्चित करें। डीएमएफटी में प्रस्ताव भेजने से पहले ग्राउंड लेवल पर स्कीम के सभी पक्षों सहित पूर्व के अधूरे कार्य एवं विभाग स्तर पर प्रस्तावित योजनाओं को ध्यान में रख कर सभी कार्यकारी एजेंसी एवं विभाग के अधिकारी आश्वस्त हो लें। इसके अलावा किसी भी सूरत में बिना टेंडर का काम शुरू नहीं हो यह भी सुनिश्चित किया जाए। डीएमएफटी से पूर्व में स्वीकृत 20 मध्य विद्यालयों के अतिरिक्त आज संपन्न प्रबंधकीय समिति में आठ नए मिडिल स्कूलों के अलावा छोटानागपुर उच्च विद्यालय बेडोकला एवं उत्क्रमित उच्च विद्यालय शाहपुर के सुदृढीकरण की भी मंजूरी दी गई। कल्याण विभाग के तहत संचालित खिरगाव, केबी कॉलेज, सीझुआ, नवाबगंज, मटवारी, दौलत महतो बीएड कॉलेज सहित नौ बालक बालिका हॉस्टल के मरम्मत करने के प्रस्तावों को अनुमोदित किया गया। कस्तूरबा गांधी एवं झारखंड बालिका आवासीय विद्यालयों में कक्षा सहित हॉस्टल में छात्राओं के लिए बेंच, डेस्क, बेड आदि की जरूरतों से संबंधित प्रस्ताव सूची भेजने का निर्देश जिला शिक्षा पदाधिकारी को दिया गया। इसके अलावा विद्यालय परिसर में बने छात्रावास जहां विद्यार्थी नहीं रह रहे हैं वैसे छात्रावासों की सूची भी उपलब्ध कराने का निर्देश दिया गया ताकि कल्याण विभाग अथवा जेएसएलपीएस को भवन आवंटित करते हुए उसका समुचित उपयोग किया जा सके। डीएमएफटी से प्रस्तावित नियुक्ति प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए रोस्टर क्लीयरेंस कार्य को जल्द पूरा करने का निर्देश दिया गया। महिला एवं बाल कल्याण विभाग के मॉडल आंगनबाड़ी निर्माण से संबंधित कार्य की गुणवत्ता व समय पर कार्य पूरा करने के लिए निरंतर निगरानी सीडीपीओ से कराने का निर्देश जिला समाज कल्याण पदाधिकारी को दिया। सलैया, लोटवा एवं घाघरा डैम से किसानों के खेत तक पानी पहुंचाने के लिए चेक डैम, नहरों, आहारों के जीर्णोद्धार के संबंध में कार्यपालक अभियंता को प्राक्लन प्रस्ताव प्रस्तुत करने का निर्देश दिया। इसके अलावा कस्तूरबा अथवा कल्याण स्कूल, इंदिरा गांधी आवासीय छात्रावास में मॉड्यूलर किचन के लिए कल्याण विभाग एवं शिक्षा विभाग को प्रस्ताव तैयार करने का निर्देश दिया गया।

# प्रतिभागियों को प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका : डॉ मुकुल नारायण देव

### विभावि में आज से तीन दिनों तक बिखरेगी सतरंगी छटा

- डेढ़ दर्जन कॉलेजों के करीब 500 विद्यार्थी कराएंगे विविध कला-संस्कृति का रसपान
- खत्म हुआ तीन साल का इंतजार, 14 कमेटियां गठित, रिहर्सल के बाद 26 इवेंट तैयार



**डॉ मिथिलेश**

**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** तीन साल का इंतजार खत्म हो गया है. अब दो से चार दिसंबर तक विनोबा भावे यूनिवर्सिटी के विनोदिनी पार्क में बने भव्य पंडाल में आयोजित होने वाले तीन दिवसीय झूमर 2022 : युवा महोत्सव में प्रतिभागियों को प्रतिभा दिखाने का सुनहरा मौका है. यह बात विनोबाभावे विश्वविद्यालय हजारीबाग के कुलपति प्रो. डॉ मुकुल नारायण देव ने गुरुवार को प्रेसवार्ता में कही. उन्होंने कहा कि युवा महोत्सव का उद्देश्य भी यही है कि विद्यार्थी पढ़ाई के साथ-साथ सांस्कृतिक गतिविधियों में अपनी भागीदारी निभाएं और इसमें अपने करियर को भी आगे बढ़ाएं. उन्होंने बताया कि तदन दिवसीय झूमर 2022 : युवा महोत्सव का शुभारंभ दो दिसंबर की पूर्वाह्न 11.30 बजे होगा. इसमें मुख्य अतिथि प्रसिद्ध संस्कृतिकर्मी, पर्यावरणविद् और पद्मश्री बुलू इमाम होंगे. उद्घाटन सत्र के पहले प्रतिभागी सुबह 9.30 बजे सांस्कृतिक यात्रा सह झांकी निकालेंगे. इसके लिए सर्वश्रेष्ठ प्रतिभागी पुरस्कृत भी होंगे. इसके बाद तीन दिनों तक डेढ़ दर्जन कॉलेजों के करीब 500 विद्यार्थी कराएंगे विविध कला-संस्कृति का रसपान कराएंगे. इंटर कॉलेज सांस्कृतिक प्रतियोगिता का उद्देश्य एक-दूसरे की कला-संस्कृति और भावनाओं के साथ यादगार लम्हे का आदान-प्रदान करना भी है. विभावि में तीन दिनों तक कलाकार 26 इवेंट के साथ सतरंगी छटा बिखेरेंगे. इसमें गायन, वादन, नृत्य, नाटक, मिमिक्री समेत विविध विधाएं समाहित होंगी. युवा महोत्सव के लिए 14 कमेटियां गठित की गई हैं, जो पूरी व्यवस्था की जिम्मेवारी संभालेंगे. इसमें भोजन से लेकर आवासन तक की व्यवस्था है. पुरुष प्रतिभागियों के लिए 250 बेड वाला ब्वॉयज होस्टल और लड़कियों के लिए गर्ल्स होस्टल में रहने की व्यवस्था सुरक्षा के साथ की गई है. इसमें चयनित प्रतिभागी ईस्ट जोन युवा महोत्सव 2023 में भागीदारी निभाएंगे. प्रेसवार्ता में विभावि के रजिस्ट्रार डॉ बीरेंद्र कुमार गुप्ता, प्रोक्टर डॉ मिथिलेश सिंह, पीआरओ डॉ प्रमोद कुमार, रूसा के निदेशक डॉ चंद्रशेखर सिंह आदि मौजूद थे.

## बड़कागांव पुलिस ने 14 टन अवैध कोयला किया जब्त



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव में चल रहे अवैध कोयला खदानों पर अंकुश लगाने के लिए बड़कागांव इंस्पेक्टर थाना प्रभारी के नेतृत्व में छापामारी अभियान चलाया गया जिसमें रुद्दी के शकमदहा में चल रहे अवैध कोयला का खदानो से बढ़कर पुलिस ने 14 टन कोयला पानी पटाने वाला मोटर सहित अन्य सामान को पुलिस ने जब्त किया। पुलिस को आते देख खदान संचालक सहित अन्य लोग मौके से फरार हो गए। उक्त मामले में पुलिस ने सोनू खान, उमेश गोप, नजरे इमाम, इबु खान पर कांड संख्या 291/22 मामला दर्ज किया गया है। उक्त संबंध में इंस्पेक्टर साहब थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने कहा कि अवैध कोयला खदानों को चलने नहीं दिया जाएगा सभी कारोबारियों पर सख्त से सख्त कार्रवाई होगी।

# फैक्ट्री प्रदूषण को लेकर ग्रामीणों ने दिया अनिश्चितकालीन धरना

**कोडरमा (आजाद सिपाही)।** फैक्ट्री प्रदूषण से मानव व पेड़ पौधे को हो रहे नुकसान को लेकर ग्रामीणों ने गुरुवार को दुर्गा आयरन फैक्ट्री के गेट पर अनिश्चितकालीन धरने पर बैठ गया। धरने पर नगर परिषद क्षेत्र के वार्ड नंबर दो, तीन एवं चार के ग्रामीण मौजूद थे। ग्रामीणों की मांग थी कि प्रदूषण नियंत्रण यंत्र लगाया जाए, नहीं तो ग्रामीण अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे रहेंगे। धरना में शामिल ग्रामीणों में बजरंगी प्रसाद यादव, मुकेश यादव, संजय यादव, रमेश कुमार, वीरेंद्र पंडित, लखिया देवी सावित्री देवी गीता देवी आदि ने फैक्ट्री के प्रदूषण से मानव जीवन के साथ-साथ पेड़ पौधे को हो रहे नुकसान को लेकर फैक्ट्री प्रबंधन पर जमकर भड़ास निकालते हुए कहा कि एक तरफ जहां फैक्ट्री के प्रदूषण से आए दिन घर के बुजुर्गों के साथ-साथ बच्चे भी बीमार पड़ रहे हैं। पिछले 1 साल में जहां छह बच्चों की मौत हुई है, वही दर्जनों लोग आज गिरिडीह के अफताब क्लीनिक में भर्ती है। धरना में विनोद यादव, सुनील यादव, छोटू पासवान, बृजेश शाह, मनोज यादव, फुलवा देवी, सरिता देवी, गुड़िया देवी, सरजू पंडित, मीना कुमारी व रूबी पंडित सहित सैकड़ों ग्रामीण देर शाम तक बैठी रही।

## हसेल मैदान में बरका कला पंचायत स्तरीय क्रिकेट टूर्नामेंट शुरू

**इचाक (आजाद सिपाही)।** बरका कला पंचायत के हंसेल मैदान में पंचायत स्तरीय टेनिस बॉल क्रिकेट चैंपियनशिप लीग टूनार्मेंट 2022 की शुरूआत गुरुवार को किया गया। मैच का उद्घाटन बरकट्ठा विधायक अमित कुमार यादव और मुखिया सिकंदर कुमार राम ने संयुक्त रूप से बैटिंग और बॉलिंग कर किया ' इस दौरान श्री यादव ने कहा कि हंसेल गांव के मैदान में इस तरह का खेल का आयोजन से पंचायत के युवाओं को आगे बढ़ने का मौका मिलेगा। जिला परिषद सदस्य रेनू देवी ने कहा कि पंचायत स्तर पर खेल का आयोजन होने से खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है। मैच के आयोजक मुखिया सिकंदर कुमार राम ने कहा कि इस तरह के मैच का इस मैदान में पिछले कई वर्षों से आयोजन होता आ रहा है आगे भी होता रहेगा। पंचायत के 8 गांव में से 6 गांव के टीमों ने मैच में भाग लिया ' जिसमें बरका कला, खुटरा ,जय हिंद क्लब मनाई ,जय हंसेल वार हंसेल, यादव जी क्लब बरका कला एवं कॉलोनी टीम शामिल है। उद्घाटन मैच बरका कला बनाम खुटरा के बीच खेला गया। मौके पर पूर्व 20 सूत्री अध्यक्ष गौतम नारायण सिंह, डाडीघाघर मुखिया नंदकिशोर मेहता, प्रमुख पति सिकंदर कुमार राम, पंचायत समिति सदस्य रिंकी देवी, पूर्व मुखिया झम्मन रजक, शिक्षक नरेश रजक, संतोष प्रसाद मेहता, सत्येंद्र पांडे, कामेश्वर मेहता, रामेश्वर महतो, प्रयाग कुशवाहा, टेक नारायण कुशवाहा के अलावा खेल को सफल बनाने में समिति के अध्यक्ष देवव्रत रजक, निशांत राज, धीरज रजक, नवनीत यादव, मनीष यादव, मनु यादव, मोहित यादव, अरुण रजक, अजय यादव, रोहित यादव, नीतीश यादव, कालेश्वर रजवार, लालजी रजवार के अलावा कई अन्य समाजसेवी व खिलाड़ी शामिल थे ।

### दारु विधायक प्रतिनिधि के पिता के श्रद्धांजलि सभा में पहुंचे सदर विधायक सहित अन्य लोग

# जरूरतमंदों के बीच किया कंबल वितरण



**दारू (आजाद सिपाही)।** सदर विधायक मनीष जायसवाल के दारू प्रखंड के विधायक प्रतिनिधि बलदेव बाबू के पिता स्व. हरी नारायण महतो के श्रद्धांजलि सभा- सह- कुटुम्बभोज में उनके दारू प्रखंड के ग्राम तिलैया स्थित आवास पर सदर विधायक मनीष जायसवाल सहित कई गण्यमान्य लोग पहुंचे और स्व.हरी नारायण महतो के तस्वीर पर पुष्पार्पण कर उन्हें श्रद्धासुमन अर्पित किया एवं ईश्वर से उनके पुनित आत्मा की शांति की कामना की। मौके पर बलदेव बाबू द्वारा क्षेत्र के करीब एक दर्जन जरूरतमंद लोगों को गायत्री परिवार का पट्टा ओढ़ाकर और कम्बल भेंटकर सम्मानित भी किया गया। जरूरतमंदों को कम्बल विधायक मनीष जायसवाल सहित अन्य गणमान्य लोगों के हाथों भेंट कराया गया। इससे पूर्व यहां गायत्री विधि से आचार्य बुधन प्रसाद, बोकारो जिला उपजोन प्रभारी आचार्य देवानंद, आचार्य माथुर, सहायक ट्रस्टी गायत्री शक्तिपीठ पुरन साव सहित अन्य ने श्राद्ध तर्पण, हवन यज्ञ संपन्न कराया। गायत्री परिवार के लोगों ने पारंपरिक तरीके से सभी आगंतुक अतिथियों का स्वागत भी किया। उक्त अवसर पर विधायक मनीष जायसवाल ने कहा कि सामाजिक पिता के निधन पर पुत्र के द्वारा उनके सामाजिक सोच को आगे बढ़ाते हुए उनके श्राद्ध के अवसर पर जरूरतमंद पीड़ित लोगों की सेवा में आगे आना समाज के लिए प्रेरक पहल है। मौके पर विशेषरूप से भाजपा महिला मोर्चा की जिला अध्यक्ष रेणुका कुमारी, खपरियावां की पूर्व मुखिया सह भाजपा नेत्री मंजू मिश्रा, जिनगा की पूर्व मुखिया सह भाजपा नेत्री लक्ष्मी देवी, समाजसेवी रामकिशोर सावंत, दिलीप साव, वरिष्ठ पत्रकार अभय सिन्हा, चंदवारा के समाजसेवी प्रेमचंद राम, दारु थाना प्रभारी अमित कुमार, सदर विधायक प्रतिनिधि विजय कुमार, कटकमदाग विधायक प्रतिनिधि अजय कुमार साहू, दारू प्रमुख श्वेता कुमारी, बीडीजेजे महाविद्यालय के सचिव प्रेमचंद देव, भाजपा प्रखंड अध्यक्ष बसंत नारायण, सांसद प्रतिनिधि सुरेश प्रसाद, पीएमजेकेआईपीपीए की अध्यक्ष पूनम मिश्रा, जेएसपीएलएस की विधायक प्रतिनिधि ज्योत्सना देवी, राम जी कुशवाहा, संजय प्रसाद, जयप्रकाश देव, परमेश्वर दयाल, इंद्रदेव कुशवाहा, रोशन सिन्हा, सुमन सिन्हा, मोहन प्रसाद, धनपत प्रसाद और सदर विधायक मीडिया प्रतिनिधि रंजन चौधरी सहित अन्य गणमान्य लोग मौजूद रहें ।

## संजीव बेदिया से मिले मनरेगा अनुबंध कर्मी संघ, दी बधाई



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा के नेतृत्व में मनरेगा अनुबंध कर्मी संघ बड़कागांव, केरेडारी एवम पतरातु के रोजगार सेवक संघ ने झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी के केंद्रीय सचिव सह झारखंड परिवहन बोर्ड निगम के सदस्य संजीव कुमार बेदिया को पुष्पगुच्छ एवं माला पहनाकर बधाई दी । श्री बेदिया ने कहा राज्य के माननीय मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन राज्य वासियों के हित में काम कर रही है। सावित्रीबाई फुले, किशोरी समृद्धि योजना, बिरसा हरित ग्राम योजना, सोना सोबरन धोती साड़ी वितरण योजना, सर्वजन पेंशन योजना, प्री एवं पोस्ट मैट्रिक छात्रवृत्ति योजना, किसान क्रेडिट कार्ड योजना, हरा राशन कार्ड योजना, ओल्ड पेंशन योजना, 1932 खतियान आधारित नियोजन, ओबीसी के लिए 27% आरक्षण, आंगनबाड़ी सेविका- सहायिका के मानदेय वृद्धि के अलावे राज्य सरकार कई महत्वपूर्ण निर्णय ले रहे हैं। जिससे राज्य में प्रवास करने वाले सभी वर्ग के लोगों को लाभ मिलेगी।मनरेगा अनुबंध कर्मियों का समस्या पर माननीय मुख्यमंत्री महोदय से बात करेंगे एवं समस्या का समाधान करने का प्रयास करेंगे । उपस्थित झारखंड मुक्ति मोर्चा पार्टी, प्रखंड अध्यक्ष किशोर राणा, युवा नेता शंकर साहू, बड़कागांव बीपीओ हीरो महतो , जे ई जयप्रकाश चौधरी ,सीताराम दीवान ,समसुद्दीन अंसारी , केरेडारी जे ई निलेश कुमार ,पूरन साहू, पंकज सिंह ,विवेक कुमार सिंह ,रोजगार सेवक सुबोध सिंह ,अनीश कुमार, रवि त्रिशूल कुमार, टीबू उरांव, तूफानी कुमार ,शंभू रविदास, योगेश्वर प्रसाद, जोगेश्वर राम, विनोद कुमार तिर्की, आजाद चंद्रशेखर मौर्य, जमुना रविदास, मुकेश मेहता, अजय कुमार, दशरथ कुमार, सुरेंद्र कुमार, मोहम्मद रहमान, राजू कुमार, संजर हुसैन, सूरज कुमार, नंदकिशोर राम , गोवर्धन राम, हुसैन अंसारी, पंकज कुमार राम, उपेंद्र कुमार ,प्रमोद कुमार ,अजय पांडे, मनोज ठाकुर ,असना हुल अंसारी, उदेश्वर सिंह, संतोष कुमार ,शशि भूषण प्रसाद, महेंद्र कुमार, प्रदीप कारकेटा ,राजकुमार रवि सहित दर्जनों अनुबंध कर्मी उपस्थित थे।

## मेरु सीमा सुरक्षा बल ने 58 वें स्थापना दिवस रंगारंग कार्यक्रम मनाया



**हजारीबाग (आजाद सिपाही)।** सदर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत मेरू सीमा सुरक्षा बल के द्वारा 58 वे स्थापना दिवस भव्य आयोजन गुरुवार को किया गया जिसमें मुख्य अतिथि डेनियल अधिकारी महा निरीक्षक सहायक प्रशिक्षण केंद्र मेरु में किया गया जिसमें बड़े खाने का आयोजन एवं रंगारंग कार्यक्रम किया गया जिसमें तमाम अधिकारी अधीमस्थ अधिकारी स्टॉप प्रशिक्षु के द्वारा बड़े ही रंगारंग कार्यक्रम किया गया और सभी लोग का अच्छा मनोरंजन का भी व्यवस्था था ।

## विधायक ने दो विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** विधायक अमित कुमार यादव ने बरकट्ठा में दो विभिन्न विकास योजनाओं का शिलान्यास किया।पहली योजना बरकट्ठा थाना के समीप जीटी रोड किनारे एनएचएआई डाक बंगला भूमि का चारदीवारी और गॉर्ड रूम निर्माण कार्य का शिलान्यास किया गया। विधायक अमित कुमार यादव ने नारियल फोड़ कर और पूजा अर्चना कर इस निर्माणकार्य का शिलान्यास किया। यह योजना एन एच आई मद से लगभग39लाख की लागत मां रजरप्पा एजेंसी से होनी है। वहीं प्रोजेक्ट गर्ल हाई स्कूल प्रांगण में झारखंड शिक्षा विभाग से लगभग 64लाख की लागत भवन निर्माण की आधारशिला रखी।वहां भी पुजारी अयोध्या पांडेय ने विधिवत पूजा अर्चना कराई,विधायक अमित कुमार यादव ने नारियल फोड़ और शिलापट्ट का अनावरण कर भवन निर्माण कार्य का शिलान्यास किया। मौके पर जिप सदस्य कुलदीप पांडेय, कुमकुम देवी,मण्डल अध्यक्ष टुकलाल नायक, एनएचएआई के जेई, दुर्गा नंद झा, इन्द्रदेव यादव, विकास पांडेय, रीतलाल प्रसाद, अनिल आजाद, मिथलेश भारती, संतोष सहनी, पप्पू गुप्ता, उमेश यादव, उमेश शर्मा,श्रीकांत पांडे, राजकुमार यादव, त्रिवेणी यादव, विजय यादव,चेतलाल प्रसाद, महेंद्र प्रसाद, दिलीप प्रसाद, अशोक गुप्ता, रविन्द्र शर्मा,शंकर ठाकुर,गोपी प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

## डिवाइन स्कूल में 10वीं व 12वीं की प्री बोर्ड परीक्षा प्रारंभ



**बरकट्ठा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के गंगपाचो स्थित सीबीएसई बोर्ड से प्लस टू तक मान्यता प्राप्त डिवाइन पब्लिक स्कूल में प्री बोर्ड परीक्षा की प्रारंभ की गई। केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड के निर्देशानुसार प्रथम प्री बोर्ड की परीक्षा आज से प्रारंभ हुई। दुसरा परीक्षा जनवरी माह में होगा। बोर्ड के निर्देशानुसार सभी बच्चों को परीक्षा देना अनिवार्य है। प्राचार्य भानु प्रताप सिंह ने कहा कि प्री बोर्ड परीक्षा देने से छात्रों को लिखित परीक्षा देने की आदत लगती है। साथ ही छात्रों के अंदर से परीक्षा का डर समाप्त होता है। छात्रों को सफलता का मूल मंत्र बताते हुए प्राचार्य ने कहा कि निश्चित सफलता के लिए जो भी पढ़ें,ठोस पढ़ें और उसकी मूल अवधारणा को समझने की कोशिश करें।विद्यालय के निदेशक आई पी भारती ने कहा कि जिन छात्रों को प्री बोर्ड परीक्षा में कम अंक प्राप्त होंगे, ऐसे छात्रों के लिए दूसरा प्री बोर्ड परीक्षा से पहले अतिरिक्त कक्षाएं संचालित की जाएंगी। वहीं,प्री बोर्ड में छात्रों द्वारा क्या गलतियां की गई, इसका भी आकलन स्कूल स्तर पर किया जाएगा। परीक्षा का सफल संचालन परीक्षा नियंत्रक संजय यादव तथा काशीनाथ महतो ने किया। परीक्षा को सफल बनाने में कुलदीप पासवान,मानती लकरा, सुलेखा मोदी ,अनिल उपाध्याय ,सी वेलु ,विमल किशोर ,राधा कुमारी ,अविशेष कौशल ,देवेश चंद्रा अजय कुमार रामानन्द कुमार,भोला राणा, सुरेंद्र कुमार आदि का योगदान सराहनीय रहा।

## विश्व एड्स दिवस पर चलायी गयी जागरूकता अभियान



**इचाक (आजाद सिपाही)।** विश्व एड्स दिवस पर जीएम संध्याकालीन महाविद्यालय में जागरूकता अभियान चलाई गई। उपस्थित शिक्षको ने एचआईवी के बारे में छात्र छात्राओं को बताया। कहा की एड्स का संक्रमण एक गंभीर स्वास्थ्य समस्या है। महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार ने कहा कि एचआईवी संक्रमण से शरीर में रोग प्रतिरोधक क्षमता को नष्ट कर शरीर को कमजोर करता है। इम्यूनिटी पावर कमजोर होने से वक्त के साथ लोगों में अन्य गंभीर प्रकार के संक्रमण का खतरा बढ़ जाता है। आगे चलकर एचआईवी संक्रमन एड्स का रूप ले लेता है। मौजूदा समय में वैश्विक आंकड़ों के मुताबिक, लगभग 3.7 करोड़ से अधिक लोग एचआईवी एड्स की गंभीर समस्या के शिकार हैं। अगर कोई व्यक्ति एचआईवी एड्स से संक्रमित है तो इसका एकमात्र तरीका डॉक्टर के निगरानी में रहकर अपना उपचार करवाना एक सही तरीका है। हालांकि दवाओं के माध्यम से एचआईवी को नियंत्रित किया जा सकता है और इस संक्रमण के कारण होने वाली जटिलताओं को भी कम कर सकते हैं। एचआईवी की दवाओं को एंटी रेट्रो वाइरल थेरेपी (एआरटी) कहा जाता है। एचआईवी की गंभीरता को कम करने के लिए एआरटी शुरू में सेवन करने की डॉक्टर सलाह देते हैं।

## बड़कागांव पुलिस ने 3 लोगों के घर में चिपकाया इश्तिहार



**बड़कागांव (आजाद सिपाही)।** बड़कागांव पुलिस ने थाना क्षेत्र के तीन अभियुक्तओ के घरों में इश्तिहार की तमिला किया गया।जिसमें से बड़कागांव थाना कांड संख्या 91/14 के अभियुक्त ग्राम चंदौल निवासी रामचंद्र गंझू पिता किशुन गंझू, ग्राम गोसाई बलिया निवासी रंजित नायक उर्फ सोले पिता बुधन नायक,ग्राम नापो खुर्द निवासी रामचन्द्र साव पिता डमर साव के घर में एसआई अजीत कुमार सिंह सहित सशस्त्र बल के जवानों के द्वारा इश्तेहार चिपकाया गया। इस संबंध में बड़ा इंस्पेक्टर सा थाना प्रभारी नीरज कुमार सिंह ने कहा कि यह सभी अभियुक्त जल्द से जल्द सरेंडर नहीं करते हैं तो कुर्की जब्ती किया जाएगा।

## बारियातु में सावित्री बाई फुलो झानो छात्रवृति के लिए ऑनलाइन आवेदन

बारियातु (आजाद सिपाही)। प्रखंड मुख्यालय स्थित आदर्श मध्य विधालय में ई कल्याण एवं सावित्री बाई फुलो झानो छात्रवृति के लिए ऑनलाइन आवेदन देने की प्रक्रिया शरू की गई है। गुरुवार को इसकी जानकारी देते हुए प्रधानाध्यापिका अनिता देवी ने बताया कि विभाग की ओर से निर्देश प्राप्त है कि विद्यालय में सभी नामांकित छात्र-छात्राओं का ऑनलाइन आवेदन करना है। जिसके लिए नामांकित सभी छात्र-छात्राओं से आधार और बैंक खाता की छाया प्रति जमा करायी जा रही है, ताकि ऑनलाइन आवेदन में नाम, आधार, बैंक खाता संख्या सहित कोई गड़बड़ी न हो और सभी बच्चों का ई कल्याण का छात्रवृति सीधा उनके खाते में आ जाए। उन्होंने ने सभी अभिभावकों से पांच दिसंबर तक अपने-अपने बच्चों के सभी दस्तावेज ससमय स्कूल में पहुंचाने की अपील की है, ताकि लाभ से वंचित ना हो।

### लोहरदगा जिला अदालत ने महिला से दुष्कर्म कर गर्भवती करने व नाबालिग को भगाने के दो अलग-अलग मामले में सुनाया फैसला

# दो दोषियों को 20-20 साल की सजा

**दोनों दोषियों पर 20 व 25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया**

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** जिला व्यवहार न्यायालय (एडीजे वन) पोस्को के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी की अदालत ने गुरुवार को दो अलग-अलग मामले में सुनवाई करते हुए दो दोषियों को 20-20 साल की सजा सुनायी। डरा धमका व शादी का प्रलोभन देकर शारीरिक संबंध बनाने के मामले में सुनवाई करते हुए न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी ने सदर थाना क्षेत्र के अरकोसा गांव निवासी सुशील भगत (47) को 20 वर्ष की सजा सुनायाी साथ ही 25 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। दोषी सुशील पर महिला थाना में कांड संख्या 43/2021, पोस्को 23/2022, धारा 376, छह पोस्को एक्ट दर्ज किया गया था।



13 फरवरी 2020 को सदर थाना क्षेत्र के अरकोसा गांव निवासी पीड़िता घर में अकेली थी। इसी का लाभ उठाकर उसी गांव के ही सुशील भगत रात 10 बजे उसके घर में चुपके से प्रवेश किया और पीड़िता को डरा-धमकाकर उसके साथ शारीरिक संबंध बनाया। इसके बाद शादी का प्रलोभन देकर कई बार संबंध बनाया, जिससे वह गर्भवती हो गई। जब पीड़िता ने सुशील से शादी करने की बात कहीं तो उसने उसके के पेट में लात मार दी। इसके उसकी तबीयत बिगड़ने लगी। उसे इलाज के लिए सदर अस्पताल में भर्ती कराया गया। जब समय पूर्ण हुआ तब पीड़िता को डिलीवरी के लिए लोहरदगा सदर अस्पताल लाया जा रहा था, लेकिन सदर प्रखंड क्षेत्र के हरमू गांव पहुंचते-पहुंचते रास्ते में ही उसने नवजात बच्चे को जन्म दिया। इसके बाद पीड़िता के बयान पर सदर थाना पुलिस ने आरोपी सुशील के खिलाफ मामला दर्ज करते हुए उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था। तब से मामला कोर्ट में था। इस मामले में एपीपी मनोज कुमार झा एवं अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता केएस पांडे थे।

### नाबालिग को भगाकर उसका यौन शोषण करने का आरोप

एक अन्य मामले में पोस्को के विशेष न्यायाधीश अखिलेश कुमार तिवारी ने पैसा व मोबाइल फोन का प्रलोभन देकर नाबालिक को बहला कर भगा ले जाने और उससे यौन संबंध बनाने के मामले की सुनवाई करते हुए सदर थाना क्षेत्र के गौस नगर निवासी सूरज उर्फ रहमान अंसारी को 20 साल की सजा सुनायी। लगे हाथ 20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया है। रहमान अंसारी के खिलाफ सदर थाने में गौस नगर की रहने वाली पीड़िता की मां के बयान पर सदर थाना कांड संख्या 112/2019 पोस्को 10/2019, धारा 365, 366 ए, 376 वन, दर्ज किया गया था। न्यायाधीश ने धारा 365 में पांच वर्ष, धारा 366 ए में सात वर्ष एवं धारा 376 वन में 20 वर्ष की सजा सुनायी। अलग-अलग धारा में लगी सजा एक साथ चलेंगी। वहीं, जुर्माने की राशि पीड़िता को देने का निर्देश दिया गया। बतातें चलें कि नाबालिक की मां ने 17 जून 2019 को सदर थाना में लिखित सूचना दी थी कि उसकी बेटी स्कूल जाने के लिए घर से निकली थी। लेकिन वापस नहीं लौटी। काफी खोजबीन की गई लेकिन उसका कुछ भी पता नहीं चला। इसी दौरान गौस नगर के ही सूरज उर्फ रहमान अंसारी को भी गायब पाया गया। जिसके बाद मोबाइल नंबर के माध्यम से पता चला कि सूरज उर्फ रहमान अंसारी ने नाबालिग को पैसा एवं मोबाइल का प्रलोभन देकर कहीं भगा ले गया है। रहमान ने नाबालिक से शारीरिक संबंध भी बनाया। पुलिस की तत्परता से सूरज को गिरफ्तार कर जेल भेजा गया। जिसके बाद न्यायाधीश ने मामले की सुनवाई करते हुए न्याय संगत सजा सुनाया। इस मामले में अभियुक्त की ओर से अधिवक्ता इमरान अंसारी एवं वहीं एपीपी मनोज कुमार झा थे।

## पथ निर्माण कार्य में बाधा डालने का प्रयास सूचना पाकर पहुंचे सीओ और थानेदार



सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। दतरी ग्राम में कुछ असामाजिक तत्वों द्वारा पथ निर्माण कार्य में बाधा पहुंचाने के उद्देश्य से बोर्ड लगा गुमराह करने की कोशिश की जा रही है। इसकी सूचना पाकर अंचलाधिकारी, पुलिस प्रशासन और मुखिया मौके पर पहुंचे और मामला की तहकीकात में जुट गए। बताया गया कि ग्रामीणों को गुमराह करने के इरादे से बोर्ड लगा था जिसमें भारतीय संविधान के अनुच्छेद 13(3) के जनजातियों की रूढ़िवादी पारंपरिक व्यवस्था जो आदिवासी के लिए शांति का बल रखता है। अनुच्छेद 19(5) के उपबंध के अनुसार गैर जनजातियों को घूमना फिरना रहना बसना मना है। संविधान के अनुच्छेद 19(6) के उपबंध के अनुसार गैर जन जाति का नौकरी चाकरी और व्यवस्था कारोबार करना मना है। पांचवी अनुसूचित जिलों में भारत के संविधान अनुच्छेद 244(1) भाग (ख) पारा(5.1) के तहत संसद या विधान मंडल का कोई भी सामान्य कानून लागू नहीं है। जय पड़हा 2 खुखरा प्रांगण इस प्रकार की तथ्यों से लिखा बोर्ड लगाया गया था। जो इशारा कुछ और ही कर रहा है। पर यह साजिश के तहत कार्य रोकने का इशारा भी किया जा रहा है। इसपर प्रशासन छानबीन कर रही है। वहीं जमीन में बोर्ड लगाने की सूचना पर थाना प्रभारी ऋषिकांत दलबल के साथ कार्य स्थल पहुंचे और बोर्ड को हटवाते हुए अंचलाधिकारी विजय कुमार को सूचना दी। जमीन मामला की बात पर विजय कुमार दतरी गांव पहुंच ग्रामीणों से कार्य रोकने का कारण पूछा गया। तो ग्रामीणों ने बताया कि पथ निर्माण से हम सभी ग्रामीण को लाभ है पर दो रैयत दुर्गा भगत एवं दयानंद उरांव को पथ निर्माण पर आपत्ति है। वहीं अंचलाधिकारी ने ग्रामीणों की बातें सुनी और कहा कि सर्वे के दौरान ही आपत्ति जताना उचित था। पर पथ निर्माण की स्वकृति मिलने के बाद इस प्रकार सरकारी कार्य में बाधा डालने पर दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने ग्रामीणों को समझाते हुए आपत्ति करने वाले रैयत से जमीन संबंधित कागजात दिखाने को कहा। बताया जाता है कि पथ निर्माण कार्य पथ प्रमंडल के तत्वधान में गंगा कंट्रक्शन द्वारा 22 किलोमीटर कराया जाना है। जिसपर रोक लगाने का प्रयास हो रहा है।

## धोखाधड़ी के मामले में पुलिस ने नवादा के एक युवक को गिरफ्तार कर भेजा जेल



लातेहार (आजाद सिपाही)। थाने में दर्ज धोखाधड़ी के एक मामले में पुलिस ने बिहार के नवादा जिले से एक युवक को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। उसकी पहचान पवन कुमार यादव (20) के रूप में हुई है। वह फलडु थाना नारादियागंज जिला नवादा (बिहार) का रहने लाला है। इस संबंध में पुलिस ने प्रेस विज्ञप्ति जारी कर बताया कि लातेहार थाना क्षेत्र में ठगी का मामला सामने आया था। जिसको लेकर थाने में कांड संख्या 297/21 दर्ज है। उक्त मामले में साइबर सेल की मदद से ठग का लोकेशन नवादा जिले थाना नारादियागंज के फलडु गांव दिखाया गया। ठग का लोकेशन मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर बरवाडीह पुअनि राहुल कुमार मेहता के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन किया गया।टीम ने स्थानीय पुलिस की मदद से आरोपी को धर दबोचा। छापामारी दल में सुरेश सिंह साइबर सेल, आरक्षी वीरेंद्र पासवान साइबर सेल, पुअनि राहुल कुमार मेहता बरवाडीह थाना, रोहित कुमार समेत जवान शामिल थे।

# लंबित कार्यों को चिन्हित कर जल्द पूरा करें : डीडीसी

आजाद सिपाही संवाददाता

**लातेहार।** डीडीसी सुरेंद्र कुमार वर्मा की अध्यक्षता में समर अभियान अन्तर्गत संचालित कार्यों की विस्तृत समीक्षा बैठक गुरुवार को समाहरणालय सभागार में आयोजित हुई। अभियान के सफल क्रियान्वयन के प्रतिवेदन का पीपीटी के माध्यम से अवलोकन किया गया। बैठक में उप विकास आयुक्त ने प्रखंड वार सर्वे की जानकारी ली। जिसमें कम प्रगति वाले प्रखंडों को चिन्हित कर जल्द से जल्द सर्वे से संबंधित प्रगति करने का निर्देश दिया।




बैठक के दौरान समर अभियान अन्तर्गत चिन्हित सैम, मैम, एनीमिक सस्पेक्टेड केस वाले लाभुकों को यथोचित लाभ प्रदान कराने के निमित्त नया कार्यप्रणाली तैयार करने का निर्देश दिया गया। साथ ही इससे संबंधित कर्मियों का प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने का निर्देश दिया, ताकि ज्यादा से ज्यादा सस्पेक्टेड केस की पहचान कर उनका उपचार कराया जा सके और जिले से कुपोषण एवं एनीमिया को जड़ से खत्म किया जा सके। समर डैशबोर्ड रिपोर्ट की अद्यतन प्रगति की समीक्षा करते हुए उन्होंने कहा कि पोर्टल में डाटा को जल्द से जल्द अपलोड करना भी सुनिश्चित करें। उप विकास आयुक्त ने अभियान के तहत चिन्हित अल्परक्तता से ग्रसित महिलाओ को पौष्टिक आहार उपलब्ध कराने एवं अति कुपोषित बच्चों का एमटीसी में उपचार कराने का निर्देश दिया।

उन्होंने कहा कि बीपीएम, जेएसएलपीएस, महिला पर्यवेक्षिका एवं सीडीपीओ आपस में समन्वय स्थापित कर कार्य योजना बनाए और बचे हुए लक्ष्य को जल्द से जल्द प्राप्त करने का निर्देश दिया गया। बैठक में सिविल सर्जन, जिला योजना पदाधिकारी, जिला शिक्षा पदाधिकारी, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी, जेएसएलपीएस डीपीएम, बाल विकास परियोजना पदाधिकारी, महिला पर्यवेक्षिका एवं अन्य संबंधित उपस्थित थे।

## तस्करों से बचायी गयी आदिम जनजाति की पांच नाबालिग लड़कियां, मानव तस्कर गिरफ्तार



बरवाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड के छिपादोहर थाना क्षेत्र से लापता पांच नाबालिग लड़कियों को पुलिस ने बरामद किया है। मामले में एक मानव तस्कर को भी गिरफ्तार किया गया है। उसकी पहचान कलीम अंसारी के रूप में हुई है। वह नावाडीह छिपादोहर का रहने वाला है। जानकारी के मुताबिक नावाडीह की एक आदिम जनजाति की महिला कांति देवी ने पुलिस से शिकायत की थी कि नावाडीह के कलीम अंसारी गांव की पांच नाबालिग लड़कियों को काम कराने का नाम पर बाहर ले गया है। इस संबंध में पांच नवंबर को छिपादोहर थाने में कांड संख्या 38/2022 के धारा 367/370 भादवि के तहत थाना में एफआइआर दर्ज किया गया था। बरवाडीह एसडीपीओ दिलु लोहरा ने गुरुवार को संवाददाता सम्मेलन कर बताया कि इस संबंध में गठित छापामारी दल ने गुप्त सूचना के आधार पर डालटनगंज रेलवे स्टेशन से आरोपी कलीम अंसारी को गिरफ्तार कर लिया। साथ ही पांचों नाबालिग लड़कियों को सकुशल बरामद कर लिया गया। एसडीपीओ ने बताया कि आदिम जनजाति परिवार की सभी लड़कियां 13 से 17 वर्ष की हैं और नावाडीह गांव की निवासी हैं। वहीं, छापामारी दल में थाना प्रभारी छिपादोहर विश्वजीत तिवारी, पुअनि रंजीत राम, महिला आरक्षी रीता देवी, सविता कुमारी, आरक्षी अमोल कुमार राम, कमलेश पासवान और काशीनाथ कुम्हार शामिल थे।

# बारियातू व हेरहंज में फिर शुरू हुई अफीम की खेती

बालूमाथ (आजाद सिपाही)। काले हीरे यानी अफीम की खेती एक बार फिर लातेहार जिले के बारियातू और हेरहंज थाना क्षेत्र में धड़ल्ले से की जा रही है। हालांकि शुरूआती दिनों में नशे की खेती के खिलाफ पुलिस कोई कार्रवाई नहीं करती। पुलिस फूल और फल आने का इंतेजार करती है उसके बाद ही इन पर करवाई करती है। अफीम की खेती जैसे ही शुरू होती है, वहीं से शुरू हो जाता है बाहरी लोगों का क्षेत्र में आना-जाना। इस वर्ष भी बड़े पैमाने पर अफीम की बुआई हुई है, लेकिन जानकारी के बावजूद भी पुलिस और नारकोटिक्स विभाग अब तक इस नशे की खेती पर नकेल कसने का काम नहीं कर रही। उक्त दोनों थाना क्षेत्र के सुदूर और भौगोलिक दृष्टिकोण से दुर्गम इलाकों में नशे की खेती एक बार फिर जोर शोर से शुरू हुई है। इसे लेकर जमीन को तैयार किया गया है तो फसल की बुआई भी की जा चुकी है। अफीम की खेती ज्यादातर वन क्षेत्र के पानी वाले जगहों पर किया जाता है। खास तौर से उन इलाकों में अफीम की खेती की जाती है जहां पानी की मुकम्मल व्यवस्था हो। इस बार भी बारियातू और हेरहंज थाना क्षेत्र के इलाके में अफीम की खेती जोरदार तरीके से की जा रही है।



# सुखाड़ राहत के लिए आवेदन की तिथि 15 दिसंबर तक बढ़ी

**ग्रामीणों ने खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री व कृषि मंत्री का जताया आभार**

आजाद सिपाही संवाददाता

**चंदवा।** चंदवा सुखाड़ राहत के लिए ऑनलाइन आवेदन करने की तिथि 15 दिसंबर तक बढ़ाने की मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और कृषि मंत्री बादल पत्रलेख के फैसले का कामता पंचायत समिति सदस्य अयुब खान ने स्वागत किया है। कहा कि सरकार के इस फैसले से किसानों को राहत मिलेगी। समय बढ़ने से हजारों किसानों को फायदा होगा। सुखाड़ राहत योजना का सर्वर डाउन रहने से हो रहे किसानों की परेशानी से कामता पंचायत समिति सदस्य अयूब खान लगातार सरकार को अवगत कराते हुए तिथि 15 दिसंबर तक बढ़ाने की मुख्यमंत्री और कृषि मंत्री से मांग कर रहे थे। उन्होंने बताया कि तिथि बढ़ जाने से किसान जो रजिस्ट्रेशन नहीं करा पाए थे वे नए सिरे से आवेदन रजिस्ट्रेशन करा सकेंगे। उनका केवाइसी हो सकेगा। कहा कि राज्य सरकार का यह निर्णय किसान हित में है। कहा कि शिविर में आवेदन प्राप्त करने वाले सभी प्रज्ञा केंद्र संचालक अपनी कार्य में ब्यस्त हैं, ऐसे में एक्का दुक्का किसान शिविर से संबंधित प्रज्ञा केंद्र में पहुंचकर सुखाड़ राहत योजना का रजिस्ट्रेशन करने और इकेवाइसी करने को कहते हैं इसपर प्रज्ञा केंद्र संचालक ध्यान ही नहीं देते, प्रज्ञा केंद्र संचालक अपने दूसरे काम में व्यस्त रहते हैं। प्रज्ञा केंद्रों का धक्का किसानों को खाना पड़ रहा है। उन्होंने अंचलाधिकारी विजय कुमार से रजिस्ट्रेशन ईकेवाइसी अपने निगरानी में कराने की मांग की है।

## अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस पर विशेष अभियान का आयोजन




लोहरदगा (आजाद सिपाही)। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी सह राज्य सरकार के मंत्रिमण्डल (निर्वाचन) विभाग के सचिव के निर्देश के आलोक में गुरुवार को अर्हता तिथि मानते हुए मतदाता सूची विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण कार्यक्रम 2023 निर्धारित किया गया है। निर्वाचन आयोग से प्राप्त कार्यक्रम के अनुसार नौ नवंबर से आठ दिसंबर तक दावा एवं आपत्ति प्राप्त करने का कार्य किया जा रहा है। इसी दौरान अंतर्राष्ट्रीय दिव्यांगता दिवस के अवसर पर तीन दिसंबर को विशेष अभियान का आयोजन किया गया है। जिसके संबंध में उप निर्वाचन पदाधिकारी द्वारा सभी सहायक निर्वाचक निबंधन पदाधिकारी, लोहरदगा को निर्देश दिया गया है कि अभियान दौरान निर्वाचन संबंधी सेवाओं यथा नये दिव्यांग मतदाताओं को नाम पंजीकरण से अवगत कराने, दिव्यांग मतदाताओं का पहचान पत्र में त्रुटि सुधार, विलोपन, आधार संग्रहण आदि से अवगत कराने का कार्य किया जाय। क्षेत्रांतर्गत पुराने दिव्यांग मतदाताओं को चिन्हित करने का निर्देश दिया गया है।

## बरवाडीह के 19 स्वास्थ्य केंद्रों से 15 दिवसीय फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की हुई शुरूआत

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। प्रखंड के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र परिसर में गुरुवार से 15 दिसंबर तक चलने वाली फाइलेरिया उन्मूलन कार्यक्रम की विधिवत शुरूआत की गई। जिसका उद्घाटन बीडीओ राकेश सहाय, प्रखंड प्रमुख सुशीला देवी, 20सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी, विधायक प्रतिनिधि प्रेम कुमार सिंह उर्फ पिंटू, सांसद प्रतिनिधि कन्हाई प्रसाद, चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन, जेएसएलपीएस बीपीएम अभय कुमार ने संयुक्त रूप से किया। बीडीओ राकेश सहाय ने कहा कि जिस तरह हम लोगों ने पोलियो की दवा से पोलियो बीमारी को जड़ से खत्म किया है। उसी प्रकार फाइलेरिया की दवा से भी फाइलेरिया का उन्मूलन करना है। उन्होंने कहा कि फाइलेरिया की दवा ही बीमारी से एकमात्र बचाव का उपाय है ऐसे में हम सभी को आवश्यक रूप से फाइलेरिया का दवा खाने की जरूरत है। 20 सूत्री अध्यक्ष नसीम अंसारी ने कहा कि 15 दिवसीय इस कार्यक्रम का का जोर शोर से प्रचार प्रसार कर सभी लोगों को इस बीमारी को जड़ से भगाने के लिए दवा खिलाने की जरूरत है। चिकित्सा प्रभारी डॉ आशीष रंजन ने फाइलेरिया बीमारी से बचाव के लिए दिए जाने वाली दवाओं की जानकारी दी। बताया कि अभियान के दौरान घर-घर जाकर दो वर्ष से कम उम्र के बच्चों, गर्भवती महिलाओं व गंभीर रूप से पीड़ित लोगों को छोड़करसभी लोगों को डीईसी, अल्बेंडाजोल व ईवरमेक्टिन की गोलियां खिलाई जाएंगी। वहीं, उपस्थित लोगों को फाइलेरिया की दवा खिलाकर कार्यक्रम की शुरूआत की गई ।

### लोहरदगा पहुंचे रांची जोन के आइजी, एसपी कार्यालय का किया निरीक्षण

# नक्सली मुख्यधारा में लौटें नहीं तो गोली खाने को तैयार रहें : आइजी

### सरकार की सरेंडर नीतियों का लाभ उठाएं और इज्जत की जिंदगी जीयें

आजाद सिपाही संवाददाता

**लोहरदगा।** रांची प्रक्षेत्र के आइजी पंकज कंबोज ने गुरुवार को लोहरदगा पुलिस ऑफिस व पुलिस लाइन का निरीक्षण किया। अधिकारियों के साथ बंद कमरे में कई अहम मुद्दों पर चर्चा हुई। आइजी का लोहरदगा आना नक्सल विरोधी अभियान को लेकर भी चर्चा का विषय बना हुआ है। इस दौरान आइजी ने पुलिस पदाधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक की। उन्होंने एसपी समेत अन्य पुलिस अधिकारियों को विशेष रणनीति तैयार कर नक्सलियों का सफाया कर जिले को अपराध मुक्त बनाने की दिशा में कार्य करने समेत अन्य दिशा निर्देश दिया। आइजी ने पत्रकारों को बताया कि नक्सलियों के विरुद्ध केंद्रीय स्तर और राज्य स्तर से हमेशा अभियान चलते रहता है। लोहरदगा में डबल बुल अभियान बहुत ही अच्छा चला था। उसमें पुलिस के जवानों को काफी सफलता मिली थी। जो बचे हुए नक्सली है उनपर पुलिस की निगरानी है। जल्दी ही उनका भी सफाया किया जाएगा। उन्होंने कहा कि हम नक्सलियों को संदेश देना चाहते है कि वे नक्सली गतिविधि को छोड़ कर समाज के मूल धारा में लौट आएं। जंगल में भटकने का कोई फायदा नहीं है। कहीं ना कहीं आज नहीं तो कल आप पकड़ कर जेल जाइएगा या आपका एनकाउंटर हो जाएगा। इससे बेहतर है कि आप झारखंड सरकार की सरेंडर पॉलिसी नई दिशा के तहत आप सरेंडर कीजिए और आम नागरिक की तरह आप भी समाज का हिस्सा बने। अपने परिवार के साथ रहे, अपने बच्चों को अच्छी शिक्षा दीजिये, । जो केसेस है उनमें मदद मिलेगी और बच्चों को पढ़ाई के लिए खर्च मिलेगी।



अधिकारियों के साथ बातें करते रांची प्रक्षेत्र के आइजी पंकज कंबोज।

इधर पुलिस लाइन में आइजी पंकज कंबोज ने पत्रकारों को बताया कि हमलोगों की सालाना प्रक्रिया है इसके तहत पुलिस लाइन और पुलिस ऑफिस अर्थात पुलिस अधीक्षक कार्यालय का निरीक्षण किया जाना था लेकिन आज सिर्फ पुलिस ऑफिस का निरीक्षण किया गया है दूसरे फेज में पुलिस लाइन का निरीक्षण किया जाएगा। उन्होंने बताया कि बहुत सारे मामले है जो पुलिस अधीक्षक कार्यालय से ही नियंत्रित होते हैं और कार्यालय में ही बहुत सारी शाखाएं आती है। नक्सल के लिए पुलिस की विशेष तैयारी है। आगामी दो दिसंबर से आठ दिसंबर तक नक्सल विरोधी अभियान चलाया जाएगा। लगातार पुलिस ने नक्सलियों को खदेड़ने का कार्य किया है। एसपी को विशेष निर्देश दिया गया है कि जितने भी लोग पिछले पांच सालों में नक्सली कांडो में चार्जशीटेड हैं और जिनके ऊपर आरोप पत्र गठित किया गया है, उनकी गतिविधियों पर विशेष निगरानी रखने की जरूरत है। निगरानी संचिका खुलती है जिसे प्रति माह थाना उनका पता संधारित करता है कि वो कहा है और किन गतिविधियों में संलिप्त है यदि वो नक्सल गतिविधियों में शामिल हैं तो उनके ऊपर दोबारा कार्रवाई की जाएगी और नहीं शामिल हैं तो उनपर निगरानी रखी जायेगी।

## आइजी ने पुलिस लाइन में सुनी जवानों की समस्याएं



सेन्हा/लोहरदगा (आजाद सिपाही)। लोहरदगा जिले के न्यू पुलिस लाईन में रांची प्रक्षेत्र के आईजी पंकज कंबोज पुलिस पदाधिकारियों और जवानों की समस्या से अवगत हुए। पुलिस अधिकारियों एवं जवानों ने आइजी के समक्ष अपनी मुख्य व बुनियादी समस्याएं रखी। आइजी के समक्ष बिजली, पानी, जनरेटर, जीपी कटौती, बीमा पेंशन और पंचायत चुनाव के दौरान भत्ता नहीं मिलने की बात सहित अन्य जरूरतों का चीज के लिये जवान को काफी परेशानी होती है, बताया। आईजी ने एक एक पुलिस पदाधिकारीयों की समस्या सुनकर विभाग द्वारा जल्द ही समस्या का समाधान करने की बात कही। मौके पर एसपी आर रामकुमार, अभियान एसपी दीपक पाण्डेय, एसडीपीओ बीएन सिंह, डीएसपी परमेश्वर प्रसाद, सार्जेन्ट मेजर सुरेश कुमार ओझा के अलावे जिले के सभी पुलिस जवान मौजूद थे।

## अविराम के विद्यार्थियों ने ग्रामीणों को किया विश्व एड्स दिवस पर जागरूक



चंदवा (आजाद सिपाही)। चंदवा के अविराम नर्सिंग और फार्मेसी संकाय के विद्यार्थियों ने विश्व एड्स दिवस पर ग्रामीणों के बीच जाकर एड्स फैलाव और उसके रोकथान को लेकर जागरूक किया। सचिव इंद्रजीत कुमार ने कहा कि शिक्षा समाज के प्रति जिम्मेदारी है। इसका निर्वहन बोध छात्र-छात्राओं में होना आवश्यक है। झारखंड से पलायन अधिक होता है। ऐसे में एड्स जैसी लाइलाज बीमारी जिससे बचाव ही इलाज है जागरूक होने की अत्यधिक आवश्यकता है। इस मौके पर शिखा कुमारी, निशा लकड़ा, सपना बाखला, विना डुंगडुग, तनु प्रिया, पूर्णिमा कुमारी, सोनिया मुर्मू आदि मौजूद थे।

## सड़क दुर्घटना में पांच घायल, तीन की हालत गंभीर

बरवाडीह (आजाद सिपाही)। बरवाड़ीह-मेदनीनगर मुख्य सड़क में गुरुवार की शाम कुल्ही नाला के पास चार पहिया वाहन के दुर्घटनाग्रस्त हो जाने से उसमें सवार पांच लोग घायल हो गए। जिसमें तीन की स्थिति गंभीर है। उन्हें इलाज के लिए मेदनीनगर एमएमसीएच रेफर किया गया है। जानकारी के अनुसार बरवाडीह निवासी दीपक कुमार के यहां सासाराम से उनके रिश्तेदार वैवाहिक कार्यक्रम में आए थे। इस दिन सभी घूमने बेतला गए थे। वहीं से लौटने के क्रम में डालटेनगंज बरवाडीह मुख्य सड़क टायर पंचर होने से वाहन का संतुलन बिगड़ गया और सभी घायल गया है।

# बच्चों से अभिभावकों को बात करने की जरूरत : नंदलाल साहू



**मिशन बदलाव ने छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी साइकोलॉजिकल कॉउंसलिंग का किया आयोजन**

**आजाद सिपाही संवाददाता**

गुमला। मिशन बदलाव टीम के मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता अभियान के संयोजक मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता नंदलाल साहू द्वारा गुरुवार को राजकीयकृत मध्य विद्यालय लवागाइं चैगरी, सिसई, गुमला में छात्र-छात्राओं के मानसिक स्वास्थ्य संबंधी साइकोलॉजिकल कॉउंसलिंग की गयी। नंदलाल साहू ने कहा कि आज बच्चों के साथ अभिभावक को समय बिताने की जरूरत है। आज बच्चों को ध्यान नहीं देने से बच्चों में नकरात्मक भावनाओं का प्रसार हो रहा है। आज बच्चों के साथ ज्यादा समय बिताने की आवश्यकता है। नंदलाल साहू ने कहा कि ये अभियान लगातार सभी स्कूलों में चलेगा। जिससे बच्चों को उचित मार्गदर्शन दिया जा सके। नंदलाल साहू के द्वारा अभिभावकों को कॉउंसलिंग करने की जरूरत है। आज सभी अपने कार्य में इतना व्यस्त हैं कि बच्चों से बात करने के लिए समय भी नहीं निकाला जा रहा है। शिक्षकों को भी जरूरी है कि बच्चों को पुस्तकों कीड़ा न बनाकर जॉयफूल माहौल तैयार करने में भी मार्गदर्शन दिया गया। इस कार्य में शिक्षकों का पूर्ण सहयोग रहा।

## बैठक : जिला कांग्रेस ने 5 दिसंबर को भारत जोड़ो पदयात्रा को सफल बनाने पर किया विचार-विमर्श

# केंद्र सरकार की गलत नीतियों की वजह से बेरोजगारी व महंगाई चरम पर है : बंधु तिर्की

**5 दिसंबर को होने वाली भारत जोड़ो पदयात्रा ऐतिहासिक होगी : रोशन बरुआ**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** जिला कांग्रेस कमेटी की बैठक जिला अध्यक्ष रोशन वरवा की अध्यक्षता में परिसदन गुमला में की गई। जिसमें आगामी 5 दिसंबर को गुमला मुख्यालय में होने वाले भारत जोड़ो पदयात्रा को सफल बनाने पर गहन विचार विमर्श किया गया।

बैठक में मुख्य अतिथि सूबे के पूर्व मंत्री व प्रदेश कांग्रेस के कार्यकारी अध्यक्ष बंधु तिर्की ने कहा कि केंद्र सरकार की गलत नीतियों की वजह से बेरोजगारी व महंगाई चरम पर है। भाजपा सरकार आपस में लड़ाने का काम कर रही है। समाज को तोड़कर धुर्वीकरण की राजनीति कर रही है। समाज में ससमरता बनी रहे इसी के निमित कांग्रेस के केंद्रीय नेता राहुल गांधी सीधे जनता से संपर्क करने के लिए जम्मू से कन्याकुमारी तक भारत जोड़ो पदयात्रा के लिए निकले हैं। आगामी पांच दिसंबर को गुमला जिला में विशाल पदयात्रा की जाएगी। बैठक में सभी कांग्रेस के जिला एवं प्रखंड अध्यक्षों को आवश्यक दिशा निर्देश के साथ-साथ महत्वपूर्ण जिम्मेवारी सौंपी गई है। गुमला जिला में होने वाले भारत जोड़ो पदयात्रा में हजारों की संख्या में कांग्रेसी शामिल होंगे। जिला अध्यक्ष रोशन बरुआ ने कहा कि 5 दिसंबर को होने वाली भारत जोड़ो पदयात्रा ऐतिहासिक होगी।

बैठक में मुख्य रूप से रोशन वरवा, रमेश कुमार चीनी, मानिक चंद साहू, राजनील तिग्गा, चुमनु उरांव, चेतू उरांव, आशिक अंसारी, अकील रहमान, मुरली मनोहर प्रसाद, फिरोज आलम, अमृता भगत, आजाद अंसारी, रामनिवास प्रसाद, निशांत दुबे, अरुण गुप्ता, शाहजहां अंसारी, मोहम्मद खालिद शाह, मोहम्मद फिरोज आलम, कृष्णा लोहरा, मोहम्मद गुलाम सरवर, इस्माइल कुजूर, कादिर अली, रजब अंसारी, आशीष नाथ शाहदेव, निरंजन बाड़ा, विकास गुप्ता, विकास साहू, रिजवान अंसारी, जय सिंह, रफी अली, शांति उरांव, सनयारों देवी, क्रिस्टीना लकड़ा, रोजालिया कुजूर, नीलेश उरांव के साथ-साथ सैकड़ों कांग्रेसी कार्यकर्ता शामिल थे।

## महत्वपूर्ण न्यूज

### भारतीय संस्कृति के अनुरूप आधुनिकतम शिक्षण पद्धति ही लक्ष्य का आधार हो : ब्रह्मा जी राव



**भरनो (आजाद सिपाही)।** सीताराम साव सरस्वती शिशु विद्या मंदिर, भरनो विद्यालय का निरीक्षण एवं आचार्य बैठक में शामिल हुए विद्या भारती अखिल भारतीय मंत्री ब्रह्मा जी राव, विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार, सचिव अशोक कुमार केशरी, प्रधानाचार्य देवकुमार सिंह दीप प्रज्वलित किया। इस अवसर पर राष्ट्रीय मंत्री ब्रह्मा जी राव ने कहा कि भारतीय संस्कृति के अनुरूप आधुनिकतम शिक्षण पद्धति ही लक्ष्य का आधार हो। समाजिक जागरण में भी हमारी भूमिका हो। पंचकोशीय विकास से आधारित शिक्षा दें। उन्होंने कहा कि विचारों से कर्म और कर्मों से आदतों का जन्म होता है। अतः बच्चे को आचार्य सच्चा मार्गदर्शन दें। शिष्टता ही सभ्यता है जो शिष्ट नहीं हो सकता व विशिष्ट नहीं बन सकता। आचरण शब्दों में नहीं स्वयं के अंदर दिखे। उन्होंने कक्षा दशम के भैया बहनों को मेहनत कर श्रेष्ठ परिणाम के लिए स्वाध्याय व समय पालन पर जोर दिया। आचार्य बैठक में उन्होंने कहा कि आज के शिक्षक में बड़ी विसंगतियां हैं, व्यवसाय शिक्षण का करते हैं और (गुरु) आचार्य बनना चाहते हैं। अपना मूल्यांकन स्वयं करना चाहिए। विभाग प्रमुख अखिलेश कुमार ने कहा कि विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास की सोच के साथ शिक्षा देना हमारा कर्तव्य हो, आचार्य विद्यालय रूपी उद्यान के चतुर माली सदृश हैं। बच्चे के शैक्षणिक, मानसिक, शारीरिक व तकनीकी विकास में सहभागी बनें। इस अवसर पर सचिव अशोक कुमार केशरी, एचएम देवकुमार सिंह सहित सभी आचार्य, दशम के भैया बहनें उपस्थित हुए।

### भारत-पाक युद्ध 1971 में शहीद लोहरा उरांव को 51वें शहादत दिवस पर दी गयी श्रद्धांजलि



**सिसई (आजाद सिपाही)।** भारत-पाक युद्ध 1971 में शहीद हुए लोहरा उरांव के 51वें शहादत दिवस पर गुरुवार को सिसई थाना चौक स्थित प्रतिमा पर पूर्व स्पीकर डॉ दिनेश उरांव, शहीद की पत्नी बंधईन उरांव, भतीजा वसंत उरांव, बचवा उरांव, परासित उरांव, बहु फुलमनी देवी, सुशीला देवी सहित सैकड़ों लोगों ने माल्यार्पण व श्रद्धा सुमन अर्पित किया। डॉ दिनेश उरांव ने कहा कि शहीदों का बलिदान कभी बेकार नहीं जाता। सिसई के बरगांव उरांवटोली के शहीद लोहरा उरांव 1961 में भारतीय सेना में भर्ती हुए। उनमें देशभक्ति की भावना कूट-कूट कर भरी हुई थी। 1965 और 1971 के युद्ध में दुश्मनों के छक्के छुड़ा दिए थे। 1965 की लड़ाई में उन्हें अदम्य साहस व वीरता के लिए रक्षा प्रतीक से नवाजा गया था। 1971 में भारत-पाकिस्तान युद्ध में दुश्मनों से लोहा लेते हुए वे शहीद हुए। इस मौके पर लक्ष्मी नारायण यादव, लालमोहन साहू, निरंजन सिंह, रविन्द्र साहू, सतीश पंडित, संजय महतो, चरवा उरांव, दिनेश साहु, जीतेश्वर उरांव,नायक डीएन भगत, रामनिवास भगत, पौलुस एक्का, रामनारायण साहु, विरेन्द्र उरांव, बंधना उरांव, यादराम साहू, जुब्बी भगत, सुकरा खड़िया, असरीता बेक, विरसमुनी उरांव सहित कई लोग शामिल थे।

### चैनपुर थाना परिसर में नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण



**चैनपुर (आजाद सिपाही)।** दिसंबर की सर्द रात में बढ़ती ठंड और शीतलहर के प्रभाव को देखते हुए चैनपुर थाना परिसर में गुरुवार को सामुदायिक सोशल पुलिसिंग के तहत नक्सल प्रभावित क्षेत्र के बामदा, बरडीह, जनावल, मालम पंचायत के आर्थिक निर्धन लोगों के बीच कंबल का वितरण किया गया। इस दौरान चैनपुर थाना प्रभारी आशुतोष कुमार सिंह ने कहा कि नक्सल प्रभावित क्षेत्र के लोगों की समस्याओं को देखते हुए पुलिस पब्लिक की बनी दूरियों को पाटने के लिए ग्रामीणों के बीच कंबल का वितरण किया गया। कहा और भी लोगों को कंबल उपलब्ध कराया जाएगा ताकि लोग ठंड से बच सकें। उन्होंने युवाओं से पढ़ाई और खेल में मन लगाने की बात कही। कंबल पाकर लोग काफी खुश नजर आए। इस दौरान चैनपुर थाना के कई पुलिसकर्मी व जवान मौजूद थे।

### सतचंडी महायज्ञ में सच्चे मन से परिक्रमा करने से सभी मनोकामनाएं होती हैं पूर्ण : कल्याण बाबा



**घाघरा (आजाद सिपाही)।** प्रखंड के सेहल गांव स्थित बजाज टांड़ में नव कुण्डीय सत्यचंडी महायज्ञ में परिक्रमा करने के लिए रोजाना लोगों की भारी भीड़ उमड़ रही है। इस निमित्त यज्ञ के प्रमुख आचार्य कल्याण बाबा ने गुरुवार को कहा कि यज्ञ मंडप की 108 परिक्रमा करने से मनचाहा फल प्राप्त होता है। इसी को लेकर रोजाना बड़ी संख्या में श्रद्धालु यज्ञ मंडप की परिक्रमा कर भक्ति में लीन हो गए हैं। वहीं बनारस व चित्रकूट से आये ब्राह्मण अमित शास्त्री, आशीष बैध, अजय शास्त्री, विकास पाठक, आलोक शास्त्री, दीपक मिश्रा, धुर्वेश शास्त्री, हरिओम शास्त्री, राम लखन शास्त्री, दिनेश पाठक, रामाधार जी के द्वारा वैदिक मंत्रोचार से पूरा गांव भक्ति मय हो गया है। साथ ही क्षेत्र की सुख शांति में वृद्धि के लिए विशेष अनुष्ठान भी किये जा रहे हैं। वहीं वृंदावन से आयी कथावाचक बाल किशोरी असीता जी ने कहा कि श्रीमद्भागवत कथा एक दूसरे से प्रेम करना सीखलाता है। हम ईश्वर की भक्ति में ऐसे लीन हो जायें जैसे सुदामा ने भगवान श्रीकृष्ण से किया था। भगवान ऊंच-नीच गरीबी नहीं देखते हैं। ईश्वर बस प्रेम के भूखे हैं। आज भी सुदामा व भगवान श्री कृष्ण के प्रेम की मिसाल दी जाती है। वहीं किशोरी असिता जी के कार्यक्रम में लोग झूमते नाचते नजर आ रहे हैं। यज्ञ समिति के मुख्य संरक्षक अशोक उरांव ने बताया कि यज्ञ समिति के द्वारा रोजाना भंडारा प्रसाद का वितरण किया जा रहा है। जिसमें बड़ी संख्या में लोग प्रसाद ग्रहण कर रहे हैं। इस मौके पर मुख्य रूप से योग समिति के अध्यक्ष परमेश्वर साय, अरविंद पाठक, रामू बड़ाईक, मनोहर प्रजापति, गणपत महतो, सुनील कुमार पाठक, विवेक मिश्रा, अरुण कुमार पांडे, आशुतोष जायसवाल, राजेश भगत, बीनू गोप, रमेश जयसवाल, रामजीत प्रजापति, हिमांशु पाठक, प्रदीप जायसवाल, निभा देवी, कमला देवी, गायत्री देवी, रेनू देवी, रामपति देवी सहित कई सदस्य उपस्थित थे।

## गुमला में मुख्यमंत्री का झारखंड खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम 12 दिसंबर को

**गुमला (आजाद सिपाही)।** गुमला विधायक भूषण तिर्की ने एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर झारखंड खतियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कहा कि 12 दिसंबर को गुमला में सीएम हेमंत सोरेन का कार्यक्रम निर्धारित किया गया है। खातियानी जोहार यात्रा 8 दिसंबर से शुरू होगी, जो गढ़वा-पलामू जिला होते हुए 12 दिसम्बर को गुमला पहुंचेगी। गुरुवार को सीएम हेमंत सोरेन की अध्यक्षता में संगठन की बैठक रांची में हुई। इधर झारखंड खातियानी जोहार यात्रा कार्यक्रम को लेकर सारी तैयारियां शुरू कर दी गयी हैं। यूपीए घटक दल के सयुंक्त तत्वावधान में यह कार्यक्रम किया जाना है। कार्यक्रम में यूपीए घटक दल के हजारों कार्यकर्ता शामिल होंगे। इस आशय की जानकारी देते हुए गुमला विधायक भूषण तिर्की व सचिव आरिफ अंसारी ने बताया कि झारखंड मुक्ति मोर्चा के सभी कार्यकर्ता झारखंड खातियानी जोहार यात्रा में लग जायें। झारखंड खतियानी जोहार यात्रा का मूल मकसद झारखंड के मूलवासी आदिवासी को 1932 खतियान के विषय में जागरूक करना है। यात्रा के दौरान झारखंड सरकार के द्वारा लिये जा रहे ऐतिहासिक फैसलों की भी जानकारी दी जाएगी।

## जमीन संबंधी विवाद के निपटारे को लेकर थाना परिसर में विशेष कैंप 10 दिसंबर को

**सिसई (आजाद सिपाही)।** प्रखंड क्षेत्र के जमीन संबंधी विवाद के निपटारे को लेकर थाना परिसर में 10 दिसंबर को सुबह 11 बजे से 2 बजे तक विशेष कैम्प का आयोजन किया जाएगा। इस बावत जानकारी देते हुए सिसई थाना प्रभारी आदित्य कुमार चौधरी ने लोगों से अपनी जमीन संबंधी कागजात के साथ 10 दिसंबर को उपस्थित होने की अपील की है। वहीं उन्होंने कहा कि शुक्रवार से जमीन विवाद संबंधित आवेदन थाना में आकर जमा कर सकते हैं। उक्त शिविर में विवाद निपटारा के लिए अंचल कार्यालय के अधिकारी व कर्मी उपस्थित रहेंगे।

## एसआइएस सिक्यूरिटी में 15 अभ्यर्थियों का सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाइजर के पद पर चयन



**बसिया (आजाद सिपाही)।** एसआईएस सिक्यूरिटी सर्विसेज द्वारा बसिया प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में कंपनी के सतीश कुमार सिंह के नेतृत्व में शिविर लगाकर 15 अभ्यर्थियों का चयन सुरक्षा गार्ड एवं सुपरवाइजर के पद पर किया गया। बीडीओ रविन्द्र कुमार गुप्ता द्वारा भर्ती शिविर का निरीक्षण भी किया गया।

# जिला विधिक सेवा प्राधिकार ने संविधान सप्ताह के तहत कस्तूरबा विद्यालय में किया प्रदर्शनी का आयोजन

**यह हमारा संविधान ही है जो हम लोगों को सशक्त करता है कि किसी भी अन्याय का विरोध हम कर सकते हैं : पार्थसारथी घोष**

**आजाद सिपाही संवाददाता**



**गुमला।** झालसा के आदेशानुसार तथा माननीय प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश सह अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला संजय कुमार चंधरियावी के मार्गदर्शन पर जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा संविधान सप्ताह दिनांक 26 नवंबर 2022 से मनाया जा रहा है। जिसके तहत संविधान के महत्व लोगों को समझाने के लिए कार्यालयों में प्रभात फेरी, जागरूकता कार्यक्रम आदि चलाये जा रहे हैं।

इसी कड़ी में जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला के द्वारा कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय में प्रदर्शनी का भी आयोजन किया गया तथा जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला में भी प्रदर्शनी लगाकर छात्राओं, अधिवक्ताओं, पीएलभीयों, नागरिकों तथा न्यायालय के कर्मचारियों को संविधान के महत्व को समझाने का प्रयास किया गया। जिला विधिक सेवा प्राधिकार के सचिव पार्थसारथी घोष ने बताया कि समाज के मुख्य स्तंभ न्यायपालिका, कार्यपालिका तथा विधायिका को शक्ति हमारे संविधान से ही प्राप्त होती है, जिससे यह तीनों एक साथ समाज तथा नागरिकों की भलाई के लिए कार्य करते हैं, यह हमारा संविधान ही है जो हम लोगों को सशक्त करता है कि किसी भी अन्याय के विरोध हम कर सकते हैं तथा न्याय के लिए न्यायालय जा सकते हैं। यहां तक कि जिला विधिक सेवा प्राधिकार का भी कार्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक न्याय पहुंचाना है, जिसके तहत जिला विधिक सेवा प्राधिकार सहायता प्रदान करता है। सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला ने समानता तथा स्वतंत्रता एवं मौलिक अधिकारों पर भी विस्तृत रूप से चर्चा की तथा हमारे जीवन में मौलिक अधिकारों के महत्व पर प्रकाश डाला।

मौके पर सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार गुमला पार्थसारथी घोष, स्थायी लोक अदालत के सदस्य शंभू सिंह, अधिवक्ता भुनेश्वर बुंदेश्वर गोप, संजय कुमार, प्रदीप कुमार पांडे, ओम प्रकाश, सुधीर पांडे, जितेंद्र सिंह, कार्यालय के नवीन कुमार दत्त, प्रकाश पांडे, मनीष कुमार, पीएलबी नवीन साहू, जोसेफ किंडो आदि उपस्थित थे।

## दुर्घटना में बाइक सवार दो दोस्तों की मौत

**घाघरा (आजाद सिपाही)।** घाघरा थाना क्षेत्र के नगड़ी ढलान के समीप मोटरसाइकिल सड़क दुर्घटना में सर्कस देख लौट रहे दो दोस्तों की मौत हो गई। वहीं पुलिस ने शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम हेतु गुमला सदर अस्पताल भेज दिया। घटना के बाबत मिली जानकारी के अनुसार मृतक विक्की सिंह चेगरी ग्राम निवासी अपने दोस्त अजियातु निवासी अरविंद मुंडा के साथ बुधवार की शाम सर्कस देखने आया था। सर्कस देख कर लौटने के क्रम में विक्की सिंह मोटरसाइकिल पर अपने दोस्त अरविंद मुंडा को छोड़ने अजियातु जा रहा था। इसी क्रम में नगड़ी ढालान के समीप मोटरसाइकिल अनियंत्रित होकर पेड़ से जा टकरायी और सड़क किनारे गड्ढे में दोनों युवक मोटरसाईकल के साथ जा गिरे, जिससे दोनों की मौत हो गई। गुरुवार सुबह 10 बजे ग्रामीणों ने दो युवकों का शव और मोटरसाइकिल पड़ी देखी। जिसके घाघरा पुलिस को सूचना दी गई। पुलिस ने घटनास्थल पहुंच दोनों युवक का शव को कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए गुमला भेज दिया।

# बीडीओ ने की स्वास्थ्य प्रबंधन समिति के कार्यों की समीक्षा



**बसिया (आजाद सिपाही)।** बीडीओ रविंद्र कुमार गुप्ता की अध्यक्षता में स्वास्थ्य प्रबंधन समिति की समीक्षा बैठक संपन्न हुई। बीडीओ द्वारा बीपीएम संदीप साहू को खराब परफॉर्मेंस करने वाले सहिया एएनएम को शोकॉज करने, संस्थागत प्रसव एवं चौथा एएनसी जांच को 84 प्रतिशत से बढ़ाकर उसे 95 प्रतिशत तक करने और उन कार्यों में सहिया के माध्यम से घर घर सर्वे करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने जन्म प्रमाण पत्र महिला को डिस्चार्ज के समय ही उपलब्ध करवाना सुनिश्चित करने की बात भी कही। ग्रामीण स्वास्थ्य स्वच्छता एवं पोषण दिवस का टीका के साथ प्रचार प्रसार करने का निर्देश भी दिया गया। अस्पताल में भर्ती होने वाली गर्भवती महिला की सूची जमा करने जिससे उनको श्रम विभाग से भत्ता दिलाने का भी निर्देश दिया गया। बैठक में मुख्य रूप से चिकित्सा पदाधिकारी डॉ राजेश कुमार, सुपरवाइजर डेजी कुजूर, स्वास्थ्य विभाग के बीपीएम संदीप साहू, शिक्षा विभाग के बीपीएम अनुपम शामिल थे।

## कार्यक्रम : ‘विश्व एड्स दिवस’ पर गुमला पॉलीटेक्निक संस्थान में विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन

# एड्स बीमारी का पता प्रारंभिक चरण में चलने पर उपचार संभव है : प्राचार्य

**वक्ताओं ने कहा- आज भी समाज में एड्स बीमारी को लोग छुपाना चाहते हैं, जो खतरनाक साबित होता है**

**आजाद सिपाही संवाददाता**




**गुमला।** स्थानीय गुमला पॉलीटेक्निक संस्थान में ‘विश्व एड्स दिवस’ के अवसर पर गुरुवार को विशाल मानव श्रृंखला का आयोजन किया गया। इस आयोजन का मुख्य उद्देश्य समाज को एड्स एवं उसके बचाव के प्रति जागरूक करना था। संस्थान के सभी छात्र, कर्मचारीगण एवं एनसीसी कैडेट्स ने हिस्सा लिया। पूरे विश्व में 1988 से ही 1 दिसम्बर को एड्स दिवस के रूप में मनाया जा रहा है। कार्यक्रम का शुभारंभ करते हुए सभी को एड्स एवं इसके बचाव से संबंधित जानकारी दी गई। संस्थान के प्राचार्य डॉ शीबा नारायण साहू ने इस अवसर बताया कि एक्वायर्ड इम्यूनो डेफिसिएंशी सिंड्रोम (एड्स) साइलेंट किलर बीमारी है, जिसका पता प्रारंभिक चरण में चलने पर उपचार संभव है। यह रोगी के प्रतिरक्षा प्रणाली पर हमला करता है। गुमला पॉलिटेक्निक के जागरूक छात्र-छात्राओं के द्वारा आयोजित इस जागरूकता कार्यक्रम में उन्होंने इस जानलेवा बीमारी को जड़ से उखाड़ फेंकने की जरूरत पर बल दिया।

इस अवसर पर सभी विभागाध्यक्ष एवं व्याख्याताओं ने अपने-अपने विचार रखते हुए बताया कि आज भी समाज में एड्स बीमारी को लोग छुपाना चाहते हैं, जो खतरनाक साबित होता है। इस अवसर पर संस्थान के छात्र-छात्राओं ने तख्तियों पर उद्देश्यपरक स्लोगन एवं चित्रकारी बना कर लेकर मानव श्रृंखला बनायी जो कई कोलोमीटर लम्बी थी। उन तख्तियों पर एक से बढ़ कर एक जागरूकता एवं बचाव संबंधी सुझाव अंकित थे। गुमला के आमलोगों ने इन तख्तियों को ध्यानपूर्वक अवलोकन करते हुए जानकारी अर्जित की तथा गुमला पॉलिटेक्निक के छात्रों एवं अधिकारियों को इसके लिए धन्यवाद दिया। बैनर तथा तख्तियों से आच्छादित इस कार्यक्रम में बच्चों ने हाथ में मोमबत्ती लेकर मार्च किया तथा लौट कर संस्थान परिसर में प्रशासनिक भवन के सामने मोमबत्तियों को लगा दिया जो आने वाले समय के लिए आशा की किरणों में परिणत हो गयी। इस मानव श्रृंखला में संस्थान में पढ़ने वाले डिप्लोमा सिविल, इलेक्ट्रिकल, ऑटोमोबाइल, मैकेनिकल, माइनिंग एवं इउअ के छात्र-छात्राएं शामिल हुए।

संस्थान के उप-प्राचार्य ई. सुरेन्द्र प्रसाद ने इस जागरूकता कार्यक्रम के माध्यम को एक अभियान का रूप देने की जरूरत पर बल दिया ताकि लोग एचआईवी टेस्ट कराने में संकोच ना करें। संस्थान के मुख्य प्रशासनिक अधिकारी अजीत कुमार शुक्ल ने स्वास्थ जांच को सर्वोपरि रखने को आवश्यकता बतायी तथा कहा कि हमें एड्स रोगियों के प्रति हमदर्दी रखनी चाहिये।

**‘संस्थान समाज में व्याप्त सभी कुरीतियों एवं विषम स्थिति के प्रति जागरूक रह अपनी जिम्मेदारी निभाता रहेगा’**

**संस्थान के निदेशक अभिजित कुमार एवं शासी निकाय की सदस्या रेणुका यशस्वी ने इस कार्यक्रम में ऑनलाइन जुड़कर अपने संबोधन में कहा कि गुमला पॉलिटेक्निक अच्छे अभियंता के साथ-साथ संवेदनशील इंसान का निर्माण करता है। संस्थान समाज में व्याप्त सभी कुरीतियों एवं विषम स्थिति के प्रति जागरूक रह अपनी जिम्मेदारी निभाता रहेगा। हमें एक सजग समाज का निर्माण करना है जो शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार एवं सौहार्द के प्रति जागरूक एवं संकल्पित हो।**

